# वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड
# समाचार

हमारे लोग, हमारी ताकत

दिनांक : 15 फरवरी, 2023

आज़ादी का अमृत महोत्सव

अंक : 475


## 'रू-ब-रू' के माध्यम से सीएमडी श्री मनोज कुमार ने टीम वेकोलि से किया संवाद



'रू-ब-रू' की श्रृंखला में दिनांक 06.02.2023 को सीएमडी श्री मनोज कुमार ने टीम वेकोलि से संवाद किया। मुख्यालय में आयोजित इस कार्यक्रम में श्री कुमार ने कहा कि वेकोलि ने अब तक कोयला उत्पादन के 46.71 मिलियन टन के लक्ष्य को पार करते हुए 47.73 मिलियन टन कोयले का उत्पादन किया है। यह अब तक के लक्ष्य से तक़रीबन 2.2 % एवं गत वर्ष की तुलना में 14.4 % अधिक है। डिस्पैच की वर्तमान स्थिति के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा कि वेकोलि ने इस वित्तीय वर्ष में अब तक 50.50 मिलियन टन प्रेषण किया है। साथ ही ओबीआर में बढ़त हासिल करते हुए वेकोलि ने गत वर्ष की तुलना में 14.7 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की है।

कार्यक्रम के दौरान 105 कर्मियों को उत्कृष्ट सेवाओं के लिए 'स्टार पर्फोर्मर' के सम्मान से नवाज़ा गया। इन में से वेकोलि मुख्यालय के श्री शिवादित्य त्रिपाठी, प्रबंधक (सर्वे) को सीएमडी श्री मनोज कुमार ने पुरस्कृत किया। इसी प्रकार श्री उमेश हरिश्चंद्र कडूकर, डाटा एन्ट्री ऑपरेटर, क्वालिटी कंट्रोल विभाग को निदेशक (कार्मिक) डॉ. संजय कुमार, श्री गौरव पांडे, डीईओ को निदेशक तकनीकी (संचालन) श्री जे. पी. द्विवेदी तथा श्री पियूष त्रिपाठी, क्लर्क को निदेशक तकनीकी (योजना एवं परियोजना) श्री ए. के. सिंह ने पुरस्कृत किया।






उन्होंने आगे कहा कि माह जनवरी में वेकोलि ने कोयला उत्पादन, प्रेषण और ओबी रिमूवल में अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया है और इन तीनों पैरामीटर में जनवरी माह में अब तक का एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। उन्होंने बताया कि वेकोलि ने एमकेडी-III माइन के 15.811 हेक्टेयर भूमि का स्टेज-II का फॉरेस्ट्री क्लीयरेंस सफलता पूर्वक हासिल किया हैं। साथ ही वेकोलि ने भूमि अधिग्रहण के तहत बीना भानेगाँव और गौरी पौनी ओपन कास्ट में सेक्शन 9 की स्वीकृति मिली है।

श्री कुमार ने अपने संबोधन में विश्वास जताया कि सभी कर्मी अपने बेहतरीन कार्य से अगली 'स्टार पर्फोर्मर' सूची में शामिल होंगे। उन्होंने सभी से अपना सर्वोत्कृष्ट योगदान देने का आह्वान किया।

इस अवसर पर महाप्रबंधक, विभागाध्यक्ष, अधिकारी एवं कर्मचारी गण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। यू-ट्यूब लाइव के माध्यम से इस कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया गया। इस माध्यम से वेकोलि के सभी क्षेत्र तथा बड़ी संख्या में कर्मी गण 'रू-ब-रू' कार्यक्रम से जुड़े।





## वेकोलि एवं आयआयएम नागपुर के मध्य एमओयू



वेकोलि ने दिनांक 07 फरवरी 2023 को आयआयएम नागपुर के साथ कार्यकारी विकास प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए एमओयू पर हस्ताक्षर किए। इस एमओयू पर वेकोलि की ओर से महाप्रबंधक (मानव संसाधन विकास) श्री पी. नरेन्द्र कुमार तथा आयआयएम नागपुर के निदेशक डॉ. भीमराया मेत्री ने हस्ताक्षर किए। यह एमओयू वेकोलि के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक श्री मनोज कुमार एवं निदेशक (कार्मिक) डॉ. संजय कुमार की उपस्थिति में वेकोलि मुख्यालय में किया गया।



डब्ल्यूसीएल के विभिन्न स्तर के अधिकारियों को वर्ष 2023-24 के लिए कार्यकारी विकास प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए यह समझौता ज्ञापन किया गया है। प्रशिक्षण आईआईएम, नागपुर के विशाल परिसर में आयोजित किया जाएगा जहां डब्ल्यूसीएल के अधिकारियों को अपने प्रबंधकीय कौशल को निखारते हुए कैंपस जीवन को फिर से जीने का अवसर मिलेगा।

उक्त प्रशिक्षण वेकोलि के अधिकारियों को नेतृत्व, डिसिशन मेकिंग, विश्लेषणात्मक क्षमताओं आदि में अपने कौशल को सुधारने में मदद करेगा। इस से अधिकारियों के समग्र व्यक्तित्व विकास में वृद्धि होगी।

## वेकोलि ने किया आयएमटी नागपुर के साथ एमओयू





दिनांक 08.02.2023 को कार्यकारी विकास प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए आयएमटी नागपुर एवं वेकोलि के मध्य एमओयू किया गया। इस एमओयू पर वेकोलि की ओर से महाप्रबंधक (मानव संसाधन विकास) श्री पी. नरेन्द्र कुमार तथा आयएमटी नागपुर के निदेशक डॉ. बिज्ञान वर्मा ने हस्ताक्षर किए। यह एमओयू वेकोलि के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक श्री मनोज कुमार एवं निदेशक (कार्मिक) डॉ. संजय कुमार की उपस्थिति में वेकोलि मुख्यालय में किया गया। इस प्रशिक्षण से अधिकारियों को अपनी क्षमताओं को विकसित करने में सहायता मिलेगी।

## सीएमडी श्री मनोज कुमार ने नागपुर क्षेत्र की खदानों का किया निरीक्षण



कम्पनी के सीएमडी श्री मनोज कुमार तथा निदेशक तकनीकी (योजना एवं परियोजना) श्री अनिल कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से 04.02.2023 को नागपुर क्षेत्र की गोंडेगाव, भानेगांव, सिंगोरी, इंदर-कामठी खदानों का निरीक्षण किया।



इस दौरान उन्होंने खदानों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मियों को सम्मानित कर प्रोत्साहित किया। उन्होंने सुरक्षा के मापदंडों का पूर्ण रूप से पालन करते हुए कोयला उत्पादन एवं प्रेषण बढ़ाने हेतु समुचित निर्देश दिए।



इस अवसर पर क्षेत्रिय महाप्रबंधक श्री सुनील कुमार, महाप्रबंधक (कॉर्पोरेट अफे.) श्री तरूण कुमार श्रीवास्तव तथा उप क्षेत्रीय प्रबंधक एवं अन्य कर्मी गण उपस्थित रहे।

## वीप्स की राष्ट्रीय बैठक में वेकोलि को विशेष सम्मान




दिनांक 10 एवं 11 फरवरी, 2023 को वूमन इन पब्लिक सेक्टर की राष्ट्रीय बैठक में वेकोलि को बेस्ट एंटरप्राइज अवार्ड (मिनी रत्न कंपनी) की श्रेणी में सहभाग हेतु विशेष सम्मान से नवाजा गया। कलकत्ता में आयोजित इस बैठक में यह पुरस्कार स्कोप के डायरेक्टर जनरल श्री अतूल सोबती के द्वारा प्रदान किया गया, जिसे वीप्स की पदाधिकारियों ने ग्रहण किया। इसी बैठक के दौरान श्रीमती अनुपमा आनंद टेंभूर्निकर, वरिष्ठ प्रबंधक (कार्मिक) को वीप्स के पश्चिमी क्षेत्र के अध्यक्ष के तौर पर चुना गया।

राष्ट्रीय बैठक के उपरांत वीप्स की पदाधिकारियों ने निदेशक (कार्मिक) डॉ. संजय कुमार से भेंट की एवं इस सम्मान से अवगत कराया। डॉ. कुमार ने सभी को बधाई देते हुए आगे भी बेहतर करने हेतु प्रेरित किया।



## इंटर कंपनी ब्रिज टूर्नामेंट में वेकोलि की टीम विजयी



दिनांक 10 से 12 जनवरी तक सीएमपीडीआयएल रांची मे आयोजित इंटर कंपनी ब्रिज टूर्नामेंट में वेकोलि की टीम ने जीत हासिल की। इस टीम में श्री सूर्य प्रकाश राठी, प्रबंधक (वित्त), कन्हान क्षेत्र के श्री चैन राज नाहर, प्रबंधक (वित्त), श्री एच. एन. त्रिपाठी, श्री कुंतल मुखोपाध्याय तथा श्री अमित पथरिया शामिल रहे।

वेकोलि की टीम ने टूर्नामेंट के कुल 11 राउंड में से 10 राउंड में जीत हासिल की तथा स्विस लीग एवं सुपर लीग, दोनों में ही सर्वोत्कृष्ट रही। टूर्नामेंट में सीएमपीडीआयएल की टीम द्वितीय स्थान पर रही। इसके साथ ही पेयर इवेंट में श्री सूर्य प्रकाश राठी एवं श्री चैन राज नाहर की टीम ने तृतीय स्थान और श्री अमित पथरिया एवं श्री एच. एन. त्रिपाठी की टीम ने चौथा स्थान हासिल किया। पारितोषिक वितरण के दौरान वेकोलि की विजेता टीम को समारोह के मुख्य अतिथि, सीएमडी सीएमपीडीआयएल श्री मनोज कुमार ने ट्राफी प्रदान की।

जीत के उपरान्त वेकोलि की टीम ने निदेशक (कार्मिक) डॉ. संजय कुमार से भेंट की। डॉ. कुमार ने विजेता टीम को बधाई दी तथा आगे भी बेहतर करने के लिए प्रेरित किया।




## श्री राहुल शर्मा ने टीम वेकोलि को किया गौरवान्वित




वेकोलि मुख्यालय में कार्यरत श्री राहुल शर्मा, उप. प्रबंधक (सामुदायिक विकास), एल एंड आर विभाग ने सेनाथॉन (मैरोथॉन) में तृतीय स्थान हासिल कर टीम वेकोलि को गौरवान्वित किया है।

29 जनवरी, 2023 को सैनिक सेवा संस्था, नागपुर द्वारा सेनाथॉन (मैरोथॉन), भारतीय सेना के सम्मान में आयोजित की गई। ब्रिगेडियर मोहम्मद उस्मान को समर्पित इस 21 किमी की हाफ मैराथन दौड़ में श्री राहुल ने 19 से 39 आयु वर्ग में तीसरा स्थान हासिल किया।

टीम वेकोलि की ओर से राहुल को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं।




वेकोलि जनसंपर्क विभाग द्वारा प्रकाशित एवं महेश पेपर्स, नागपुर द्वारा मुद्रित।